# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–20 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्नातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है। यही वह धर्म जो सम्पूर्ण विश्व में शान्ति की स्थापना कर सकता है। मुख्यमंत्री आज अयोध्या में अष्टोत्तशतर एक सौ आठ श्रीमद् भागवत पाठ पंच नारायण महायज्ञ के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हजारो वर्ष पहले हमारे ऋषि मुनियों ने विश्व मानवता को बचाने के लिए जो मार्ग बताया वह स्नातन धर्म है। इससे पहले श्री योगी ने हनुमानगढ़ी में पूजा अर्चना की और रामलला के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने आज गोरखपुर के बीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला में बनाए जा रहे महंत अवेद्यनाथ ज्ञान विज्ञान पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी मंडलों में विज्ञान पार्क बनाया जाएगा। आगरा में इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। वाराणसी में विज्ञान पार्क के लिए धन का आवंटन किया जा चुका है और बरेली तथा बांदा में भूमि चिन्हित की जा रही है। उन्होंने ये भी बताया कि बच्चों को विज्ञान पार्क तक लाने की कार्य योजना तैयार की जा रही है।

**********

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में बहुत जल्द दो हजार पांच सौ बत्तीस विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की जायेगी। कल विधान परिषद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इन चिकित्सकों की भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज दिया गया है।

**********

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चंपत राय ने बताया है कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का सम्पूर्ण निर्माण दो हजार पच्चीस में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर के सभी अंगो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। आजमगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे श्री राय ने बताया कि श्रीरामजन्म मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ भारतीय परंपरा के अनुसार मनाई जाएगी। इस अवसर पर तीन दिन के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**********

प्रदेश में बिजली बिल के बकायादारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना शुरू हो गई है। यह योजना तीन चरणों में चलेगी। समाधान योजना का पहला चरण इक्तीस दिसम्बर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण एक जनवरी से पन्द्रह जनवरी और तीसरा तथा अंतिम चरण सोलह जनवरी से इक्तीस जनवरी तक जारी रहेगा। योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर लगे सरचार्ज पर छूट मिलेगी और बकाया बिल का भुगतान आसान किस्तों में करने का विकल्प भी मिलेगा।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आगामी बाइस दिसंबर को आयोजित होने वाली पीसीएस– दो हजार चौबीस प्रारंम्भिक परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों के तेरह सौ इक्तीस केन्द्रों में दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा के निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले से प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से पैंतालिस मिनट पहले तक न पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश से वंचित कर दिया जाएगा।

**********

प्रदेश में महाकुंभ दो हजार पच्चीस की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अनूठे समागम में चालीस करोड़ से अधिक लोगों के आने की उम्मीद की जा रही है। राज्य सरकार कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन सिंह ने बताया कि विशेष डाक्टरों की टीम के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मेला परिसर में चौबीस घंटे मौजूद रहेंगी।

***प्रयागराज 2025 हेतु चिकित्सा स्वस्थ एवम् परिवार कल्याण विभाग की विभिन्न गतिविधियों को चिन्हित करते हुए गतिविधिवाद वाद मुख्यालय में नोडल आधिकारी नामित किये गए है इसके अतिरिक्त महा कुंभ 2025 में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के सम्पादन हेतु अपर निदेशक एवं मेला प्रभारी के द्वारा भी गतिविधियों के स्थलीय प्रबंधन हेतु नोडल अधिकारी नामनीत किए गए हैं।***

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फिज़िकल टेस्ट की प्रक्रिया आगामी छब्बीस दिसम्बर से शुरू हो जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट यूपी पीबी पीबी डॉट जीओवी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं। किसा भी प्रकार की समस्या होने पर अभ्यर्थी हेल्प लाइन नंबर 8 8 6 7 7 8 6 1 9 2 पर संपर्क कर सकते हैं। सिपाही भर्ती परीक्षा इसी वर्ष अगस्त माह में सम्पन्न कराई गई थी।

**********